हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 आज से पटवारी संबंधी राजस्व कार्यों पर लगा ताला, हड़ताल पर गए...



07 विकसित भारत के संकल्प में सभी को योगदान देने की जरूरत:रावत



खबर संक्षेप

सहोदया सागर की बैठक 8 अक्टूबर को

सागर। सहोदया सागर की मासिक बैठक 8 अक्टूबर को दोपहर दो बजे से सिरोंजा स्थित बीटीआईआरटी परिसर मेa आयोजित की गई है। शैलेष मेमोरियल मकरोनिया के द्वारा आयोजित बैठक मे सहोदया सागर से जुडे समस्त सीबीएसई स्कूल प्राचार्य शामिल होगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मोहाली हेलीपेड आगमन, हुआ स्वागत

सागर। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता विमुक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुधवार को विधानसभा रेहली के मोहाली हेलीपेड पर आगमन हुआ। हेलीपेड पर जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद राहुल लोधी, रेहली विधायक गोपाल भार्गव, सागर विधायक शैलेंद्र जैन, बंडा विधायक वीरेंद्र सिंह, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया श्याम तिवारी, रानी कुशवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों में आईजी इरशाद वली, डीआईजी एस.एस. चौहान, एसपी अनुराग सुजानिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

सागर। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन द्वारा मालथोन के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा मालथोन विकासखंड की पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोगर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजवांस, शासकीय एकीकृत हाईस्कूल पाली, शासकीय प्राथमिक शाला पाली, शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला परसोंन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रोड़ा, शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला रोड़ा, शासकीय माध्यमिक विद्यालय पथरिया बामन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजवास की प्राथमिक शिक्षक मुकेश तिवारी एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय पथरिया बामन के अनिल जैन विद्यालय में उपस्थिति लगाने के उपरांत विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए जिनको तत्काल कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार शासकीय माध्यमिक विद्यालय पथरिया बामन की अतिथि शिक्षक कीर्ति नामदेव बगैर सूचना के अनुपस्थित पाई गईं जिनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला रोड़ा के प्राथमिक शिक्षक रामेश्वर प्रसाद कुर्मी एवं प्राथमिक शिक्षक अविनाश कुमार दुबे हस्ताक्षर के उपरांत विद्यालय में अनुपस्थित पाए गए दोनों प्राथमिक शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए। शासकीय हाई स्कूल पाली के निर्माणाधीन विद्यालय भवन का भी निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए गए कि विद्यालय भवन को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से तैयार करें जिससे कि विद्यार्थियों को असुविधा का सामना न करना पड़े। जिला शिक्षा अधिकारी ने पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोंगर का निरीक्षण किया जहां विद्यालय भवन निर्माण में आ रही हाई टेंशन लाइन एवं अतिक्रमण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना पत्र के माध्यम से जानकारी प्रेषित की।

करीब 150 साल बाद बुंदेलखंड की धरती पर लौटा चीता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दो चीतों को किया विमुक्त नर का नाम 'व्योम' और मादा का 'नीरा' रखा

बुंदेलखंड में गूंजी चीतों की दहाड़, दुर्गावती रिजर्व बना प्रदेश का तीसरा चीता आवास अगले चरण में दो और चीते लाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



करीब 150 वर्ष बाद बुंदेलखंड की धरती पर एक बार फिर चीतों की दहाड़ गूंजी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सागर जिले के नौरादेही क्षेत्र स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में दो चीतों को विमुक्त किया। इसके साथ ही वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व मध्यप्रदेश का तीसरा चीता आवास बन गया है। इससे पहले कूनो नेशनल पार्क और गांधी सागर अभयारण्य में चीता पुनर्स्थापना की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने विमुक्त किए गए नर चीते का नाम 'व्योम' और मादा चीते का नाम 'नीरा' रखा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प से शुरू हुआ चीता पुनर्स्थापना अभियान मध्यप्रदेश में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कूनो और गांधी सागर के बाद अब बुंदेलखंड भी देश के वन्यजीव संरक्षण मानचित्र पर प्रमुखता से जुड़ गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की खासियत यह है कि यहां टाइगर के साथ चीते भी रहेंगे। अधिकारियों के अनुसार इस क्षेत्र में करीब 160 से 170 वर्ष पहले चीते देखे जाने के प्रमाण हैं। लंबे अंतराल के बाद उनकी वापसी बुंदेलखंड के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि अगले चरण में दो और चीते यहां लाए जाएंगे, जिससे क्षेत्र में चीतों का कुनबा बढ़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण के साथ वन क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों के हितों और आजीविका का ध्यान रखना भी सरकार की जिम्मेदारी है। 'जियो और जीने दो' की भावना के साथ मानव और वन्यजीव के बीच संतुलन बनाकर संरक्षण को आगे बढ़ाया जाएगा।

पर्यटन और रोजगार को मिलेगा विस्तार

डॉ. यादव ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर पैदा होंगे। अभयारण्य से होने वाली आय में स्थानीय समितियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। बफर क्षेत्र के गांवों में होम स्टे को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्रामीण अपने घरों में कमरे तैयार कर पर्यटकों को सुविधा दे सकते हैं, जिसके लिए सरकार की ओर से अनुदान की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में खेती की जमीन सीमित होने के कारण पशुपालन और दुग्ध उत्पादन भी ग्रामीणों की आय का महत्वपूर्ण माध्यम बन सकता है। समितियों के माध्यम से किसानों से दूध खरीदकर उन्हें उचित मूल्य दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

वन्यजीव संरक्षण में मध्यप्रदेश अग्रणी

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में टाइगर की संख्या देश में सर्वाधिक है। प्रदेश में गिद्ध, घड़ियाल, कछुआ सहित विभिन्न वन्यजीवों और जलीय जीवों के संरक्षण की दिशा में भी काम किया जा रहा है। वन्यजीव संरक्षण केवल किसी एक प्रजाति तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण का विषय है।

रहली विधायक गोपाल भार्गव ने कहा कि इस क्षेत्र का इतिहास वन एवं पर्यावरण संरक्षण के संघर्ष से जुड़ा है। उन्होंने क्षेत्र में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आजीविका के अवसर बढ़ाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने युवाओं और बच्चों के लिए अंग्रेजी सहित अन्य भाषाओं के प्रशिक्षण केंद्र शुरू करने का भी आग्रह किया। कार्यक्रम में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद राहुल लोधी, कमिश्नर दिलीप कुमार, डीआईजी एसएस चौहान, कलेक्टर प्रतिभा पाल, एसपी अनुराग सुजानिया सहित जनप्रतिनिधि और वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

निजी अस्पतालों में प्रिस्क्रिप्शन पर कोडिंग व्यवस्था बंद करने की मांग

आरटीआई कार्यकर्ता पंकज सिंघई ने जनसुनवाई में उठाया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

निजी चिकित्सालयों और नर्सिंग होम में भर्ती मरीजों के प्रिस्क्रिप्शन पर दवाओं के नाम की जगह कोड लिखे जाने का मामला जनसुनवाई में पहुंचा। आरटीआई कार्यकर्ता पंकज सिंघई ने कलेक्टर की जनसुनवाई में शिकायत करते हुए इस व्यवस्था को तत्काल बंद कराने और मरीजों को किसी भी मेडिकल स्टोर से दवा खरीदने की स्वतंत्रता देने की मांग की। अतिरिक्त कलेक्टर अविनाश रावत ने मामले को स्वास्थ्य समिति में रखकर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सिंघई ने आरोप लगाया कि भाग्योदय अस्पताल में भर्ती मरीजों को डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाओं का प्रिस्क्रिप्शन उपलब्ध कराने के बजाय वार्ड और पलंग नंबर के साथ दवाओं के कोड लिखकर अस्पताल के निजी मेडिकल स्टोर पर भेजा जाता है। इसके बाद मरीज के परिजनों को वहीं से दवा लेने के लिए बाध्य होना पड़ता है। मरीज को यह जानकारी भी नहीं होती कि डॉक्टर ने कौन सी दवा लिखी है। दवा का नाम भुगतान के बाद मिलने वाले बिल में दर्ज रहता है।

शिकायतकर्ता के अनुसार, पूर्व में ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा भाग्योदय मेडिकल स्टोर की जांच की गई थी। उस समय संस्था ने कोडिंग व्यवस्था समाप्त करने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बावजूद यह व्यवस्था जारी होने का आरोप है। सिंघई ने जिले के सभी निजी अस्पतालों की जांच कर प्रिस्क्रिप्शन पर दवाओं के नाम स्पष्ट रूप से लिखने, मरीज को पर्ची की प्रति देने और निजी मेडिकल स्टोर से दवा लेने की बाध्यता समाप्त कराने की मांग की है। साथ ही एफडीए के नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की गई है।



नशे से दूर रहें युवा, साइबर अपराध से बचने सतर्कता जरूरी, जागरुकता कार्यक्रम हुआ

गढ़ाकोटा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत नशा मुक्ति भारत एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने कैरियर निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूकता और सतर्कता जरूरी है। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन अमित कुमार भारती ने नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए। आकृति खरे एवं शिम्पी मौर्य ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी रश्मि कुर्मी, प्रभारी चंद्र प्रताप सिंह मरकाम तथा संचालन बृजलाल अहिरवार ने किया। इस अवसर पर भावना कबीरपंथी, ममता अहिरवार, डॉ. पवन कुमार शर्मा, अभय यादव, आकाश सेन, डॉ. सिकंदर डुलगुच एवं डॉ. कृष्णा मारुति बागड़े सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



सांदीपनि विद्यालय में पौधरोपण व पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन

रहली। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 7 अक्टूबर को सांदीपनि विद्यालय, रहली में पौधरोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए "प्रकृति नहीं तो कुछ भी नहीं" का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि पर्यावरण को हो रहे नुकसान के लिए हम सभी कहीं न कहीं जिम्मेदार हैं। इसलिए अपनी गलतियों में सुधार करते हुए पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए संकल्प लेना आवश्यक है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार चौबे, नगरपालिका रहली से उमाशंकर नामदेव, सेवा संकल्प नोडल प्रभारी देवेंद्र कुमार कतरोलिया, वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रभारी शैलेंद्र जैन, संजय खरे, नीरज नेमा, गोविंद सिंह ठाकुर,राकेश पटैल,रवि अहिरवार,रमाकांत पांडे,उमेश पाल, आराधना गौर, निशा पटैल, दीपक विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षक, विद्यालय स्टाफ के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 के लिए आवेदन किए गए आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

जय स्तंभ पर देर रात प्रधानमंत्री एवं मुख्य चुनाव आयुक्त का शहर कांग्रेस ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में बुधवार को बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने जय स्तंभ कटरा बाजार में जमकर नारेबाजी करते हुए संसद से निकले मार्च को पुलिस ने बीच रास्ते में बैरिकेड लगाकर रोक दिया। इसके विरोध में राहुल गांधी करीब 8-9 घंटे तक आकाशवाणी भवन परिसर में ही जमीन पर बैठकर धरने पर डटे रहे। पुलिस उन्हें बस में भरकर किंग्सवे कैंप ले जाने लगी, लेकिन राहुल बस से उतरकर फिर से उसी परिसर में धरने पर बैठ गए।

प्रियंका गांधी, के.सी. वेणुगोपाल सहित कई सांसदों को भी हिरासत में लिया गया। जिसके विरोध में प्रधानमंत्री एवं मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला दहन किया। दिल्ली की इस अलोकतांत्रिक कार्रवाई के विरोध में सागर जिला शहर कांग्रेस में भारी आक्रोश है। आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में देर रात जय स्तंभ चौक पर मोदी सरकार का पुतला दहन कर जोरदार विरोध जताया।

इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि आज आकाशवाणी भवन पर जो हुआ वो अंग्रेजी हुकूमत की याद दिलाता है। यह हिरासत नहीं, लोकतंत्र की आवाज को कैद करने की साजिश है। जब देश का नेता प्रतिपक्ष चुनाव चोरी और एसआआर के खिलाफ आवाज उठाता है, तो उसे हाथ पकड़कर घसीट कर बस में डाला जाता है। मोदी सरकार चुनाव आयोग को अपनी कठपुतली बना चुकी है और अब विपक्ष को सड़क पर भी नहीं चलने दे रही। आप राहुल गांधी को हिरासत में ले सकते हैं, उनकी आवाज को नहीं। महेश जाटव ने कहा कि आकाशवाणी भवन खाली करवा सकते हैं, लेकिन पूरे देश में गूंज रही 'लोकतंत्र बचाओ' की आवाज को नहीं रोक सकते।

महापौर ने संभागायुक्त से भेंट कर निगमायुक्त के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की

सागर। महापौर संगीता सुशील तिवारी ने मंगलवार को संभागायुक्त दिलीप कुमार से मुलाकात कर निगमायुक्त राजकुमार खत्री की कार्यप्रणाली पर आपत्ति दर्ज कराई। महापौर ने संभागायुक्त को पत्र सौंपकर महापौर परिषद (एमआईसी) द्वारा लिए गए जनहित एवं निगम हित के निर्णयों का समय-सीमा में पालन नहीं होने का आरोप लगाया और निगमायुक्त के विरुद्ध शासन स्तर पर कार्रवाई की मांग की। महापौर के अनुसार, निगमायुक्त के करीब ढाई वर्ष के कार्यकाल में एमआईसी के कई महत्वपूर्ण निर्णय लंबित हैं। निर्धारित समय में निर्णयों के अनुपालन और कार्रवाई की जानकारी भी परिषद को उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इससे विकास कार्यों, शासन की योजनाओं और नागरिक समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया प्रभावित होने का आरोप लगाया गया है।महापौर ने बताया कि 30 सितंबर को लंबित निर्णयों की समीक्षा के लिए एमआईसी की बैठक हुई थी। बैठक में कई मामलों में निगमायुक्त की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर परिषद ने असंतोष जताया था।

विकसित भारत संकल्प सभा में मंत्री राजपूत ने किया संबोधित, सेवा ज्योति के दो रथ सुरखी के लिए रवाना

25 वर्षों की सेवा से विकसित भारत के संकल्प तक पहुंचा देश : गोविंद राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुशासन एवं सार्वजनिक सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रैली के रूप में पीटीसी ग्राउंड पहुंचे। यहां हजारों कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना।

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 25 वर्षों का सार्वजनिक जीवन केवल सत्ता का सफर नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा, गरीब कल्याण और सुशासन की निरंतर यात्रा है। वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई यह यात्रा आज विकसित भारत-2047 के संकल्प तक पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि जनधन, उज्ज्वला, स्वच्छ भारत, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास, हर घर जल, डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसी योजनाओं से आम नागरिक के जीवन में बदलाव आया है। गांव, गरीब, किसान, महिला और युवा विकास की मुख्यधारा से जुड़े हैं। डिजिटल तकनीक और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण से शासन और जनता के बीच की दूरी भी कम हुई है।

सेवा ज्योति यात्रा देगी विकसित भारत का संदेश

मंत्री राजपूत ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा प्रधानमंत्री के सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। कार्यक्रम के दौरान दो सेवा ज्योति रथ कलश के साथ सुरखी विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किए गए। दोनों रथ जैसीनगर और राहतगढ़ सहित सुरखी विधानसभा के विभिन्न गांवों में पहुंचकर सेवा, सुशासन और विकसित भारत का संदेश देंगे।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सेवा संकल्प अभियान को केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखते हुए प्रधानमंत्री के सेवा और विकसित भारत के संदेश को प्रत्येक गांव और परिवार तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2047 तक विकसित, आत्मनिर्भर और सशक्त राष्ट्र बनने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, पूर्व मंत्री एवं रहली विधायक गोपाल भार्गव, सागर विधायक शैलेंद्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, विधायक वीरेंद्र लोधी, देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सेवा ज्योति कलश यात्रा के साथ सागर पहुंचे गढ़ाकोटा के भाजपा कार्यकर्ता

गढ़ाकोटा। सेवा संकल्प अभियान के तहत गढ़ाकोटा मुख्य बस स्टैंड से सेवा ज्योति कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में पं. गोपाल भार्गव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी व भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर सागर के पीटीसी ग्राउंड पहुंचे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुना। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश सेवा में 25 वर्ष पूर्ण किए जाने का अवसर सेवा, समर्पण और जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। कार्यकर्ताओं ने "विकसित भारत–2047" के संकल्प के साथ राष्ट्रहित, जनसेवा तथा समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। यात्रा के दौरान कार्यकर्ताओं में सेवा एवं जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया।

कैरियर काउंसलिंग व वोकल फॉर लोकल पर विद्यार्थियों को मिला मार्गदर्शन

गढ़ाकोटा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गढ़ाकोटा में सेवा संकल्प अभियान एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए "कैरियर काउंसलिंग कौशल एवं वोकल फॉर लोकल" विषय पर जागरूकता एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के साथ रोजगारोन्मुखी कौशल एवं व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि डॉ. नरेंद्र चौरसिया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा के दौर में केवल शैक्षणिक योग्यता पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों में सही करियर निर्णय लेने की क्षमता, संवाद कौशल, आत्मविश्वास, समस्या समाधान एवं व्यक्तित्व विकास जैसे कौशल भी जरूरी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप करियर का चयन करने की सलाह दी। उन्होंने "वोकल फॉर लोकल" की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों, कारीगरों एवं उद्यमियों को प्रोत्साहित कर युवा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन सुश्री आकृति खरे ने किया। इस अवसर पर भावना कबीरपंथी, रश्मि कुर्मी,चंद्रप्रताप मरकाम, डॉ. कृष्णा बागड़े, डॉ. सिकंदर डुलगच, पुष्पेंद्र वर्मन, सुश्री ममता अहिरवार सहित महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में शिम्पी मौर्य ने सभी अतिथियों, प्राचार्य, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

दंडात्मक कार्रवाई से नाराज व सरकार की उदासीनता से परेशान पटवारी संघ का सख्त रुख

आज से पटवारी संबंधी राजस्व कार्यों पर लगा ताला, हड़ताल पर गए पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





पटवारियों की समस्याओं और उनके खिलाफ की जा रही दंडात्मक कार्रवाई को लेकर शासन स्तर पर अपेक्षित समाधान नहीं होने से अब पटवारी संघ ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। सरकार के ढुलमुल रवैये और लगातार बनी हुई उदासीनता से परेशान पटवारी संघ ने न्याय पाने के लिए आंदोलन का रास्ता अपनाने का निर्णय लिया है। संघ ने साफ कर दिया है कि प्रदेशभर में पटवारियों के खिलाफ की जा रही निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई के चलते अब आज से ही पटवारी अपने नियमित ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहेंगे। मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर जिला पटवारी संघ ने प्रमुख सचिव राजस्व, भोपाल तथा कलेक्टर टीकमगढ़ को पत्र भेजकर अपनी नाराजगी और आगामी आंदोलन की रणनीति से अवगत कराया है। संघ ने पत्र के माध्यम से शासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि आज से प्रदेश के समस्त पटवारी ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहेंगे तथा शासकीय समूहों से भी बाहर रहेंगे। यह विरोध तब तक जारी रखने की बात कही गई है, जब तक पटवारियों के विरुद्ध की गई दंडात्मक कार्रवाई शासन स्तर से वापस नहीं ली जाती।

समस्या बताने के बावजूद कार्रवाई से बढ़ा आक्रोश

पटवारी संघ के अनुसार देवास जिले में स्वामित्व अधिकार योजना, अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 सहित अन्य कार्यों को आधार बनाकर पटवारियों के विरुद्ध निलंबन एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई की गई है। संघ का कहना है कि इसी प्रकार की कार्रवाई प्रदेश के अन्य जिलों में भी की जा रही है। संघ ने पत्र में उल्लेख किया है कि स्वामित्व योजना की रजिस्ट्री के निष्पादन से जुड़ी विधिक एवं व्यवहारिक समस्याओं को लेकर मध्यप्रदेश पटवारी संघ शासन को प्रदेश स्तर पर पहले ही अवगत करा चुका है। इसके बावजूद समस्याओं का समाधान करने के बजाय पटवारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से पटवारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

अब अल्टीमेटम नहीं, कार्रवाई की तैयारी

प्रांतीय स्तर पर चर्चा एवं विचार-विमर्श के बाद पटवारी संघ ने अब अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। संघ का कहना है कि आज से ही प्रदेश के पटवारी समस्त ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत रहेंगे। इसके साथ ही शासकीय समूहों से भी बाहर रहने का निर्णय लिया गया है। संघ ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि इसके बाद प्रदेश के किसी अन्य जिले में भी इसी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई पटवारियों के विरुद्ध की जाती है तो प्रदेशभर के पटवारी बिना किसी पूर्व सूचना के समस्त राजस्व कार्यों से विरत हो जाएंगे।

राजस्व सेवाओं पर पड़ सकता है असर

पटवारियों के सामूहिक रूप से ऑनलाइन राजस्व कार्यों से विरत होने की स्थिति में राजस्व विभाग से जुड़े विभिन्न कार्य प्रभावित होने की संभावना बन गई है। स्वामित्व योजना, अभिलेख संबंधी कार्यों सहित ऑनलाइन माध्यम से होने वाले राजस्व कार्यों की गति पर इसका असर पड़ सकता है। पटवारी संघ ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि यदि शासन स्तर पर उनकी मांगों और दंडात्मक कार्रवाई को लेकर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। फिलहाल पटवारी संघ की चेतावनी ने शासन के सामने यह चुनौती खड़ी कर दी है कि वह कार्रवाई के मुद्दे पर समाधान का रास्ता निकालता है या फिर प्रदेशभर में पटवारियों के आंदोलन के कारण राजस्व कामकाज प्रभावित होने की स्थिति का सामना करता है।

कृमि संक्रमण से बचाव के लिए विद्यार्थियों को खिलाई एल्बेंडाजोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जवाहर नवोदय विद्यालय कुंडेश्वर में बुधवार को विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से बचाव के उद्देश्य से एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार आयोजित अभियान में विद्यालय के विद्यार्थियों को निर्धारित मात्रा में दवा दी गई। इस दौरान उन्हें दवा के महत्व के साथ-साथ स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि कृमि संक्रमण के कारण कमजोरी, पेट दर्द, भूख में कमी सहित स्वास्थ्य संबंधी अन्य परेशानियां हो सकती हैं। एल्बेंडाजोल दवा कृमि संक्रमण की रोकथाम एवं नियंत्रण में उपयोगी होती है। विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी निर्देशों का पालन करने की समझाइश दी गई। विद्यालय प्रबंधन एवं स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कर्मचारियों की देखरेख में विद्यार्थियों को दवा का सेवन कराया गया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों की उपस्थिति के अनुसार दवा वितरण की व्यवस्था की गई, ताकि सभी पात्र विद्यार्थियों को निर्धारित मात्रा में दवा दी जा सके। इस अवसर पर विद्यार्थियों को भोजन करने से पहले तथा शौचालय के उपयोग के बाद साबुन से हाथ धोने, स्वच्छ भोजन एवं पानी का उपयोग करने और आसपास साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी गई। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। एल्बेंडाजोल वितरण अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृमि संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है।

घर-घर पहुंच रहे शिष्य मंडल के कार्यकर्ता

सनातन हिंदू एकता रथयात्रा को लेकर तैयारियां तेज

टीकमगढ़



जिले में पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता रथयात्रा को लेकर बागेश्वर धाम शिष्य मंडल ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को शिष्य मंडल के सदस्यों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर लोगों को पीले चावल और आमंत्रण पत्र वितरित किए तथा रथयात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। कार्यकर्ताओं द्वारा सनातनी परिवारों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की जा रही है। शिष्य मंडल प्रमुख राजेंद्र तिवारी ने बताया कि 14 अक्टूबर को सनातन हिंदू एकता रथयात्रा टीकमगढ़ पहुंचेगी। इसे लेकर कार्यकर्ता लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और लोगों को रथयात्रा एवं कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आमंत्रित किया जा रहा है। पीले चावल देकर सनातनी परिवारों को व्यक्तिगत रूप से कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया जा रहा है। बताया गया है कि पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की रथयात्रा 14 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे बड़ागांव धसान से टीकमगढ़ जिले में प्रवेश करेगी। इसके बाद रथयात्रा के टीकमगढ़ पहुंचने पर शाम 6 बजे से पीजी कॉलेज परिसर, कुंडेश्वर रोड पर दिव्य दरबार एवं रथयात्रा विश्राम कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। रथयात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए ठहरने और भोजन की व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं। शिष्य मंडल के सदस्य शहर के पुरानी टेहरी, बानपुर दरवाजा, ताल दरवाजा, पपौरा चौराहा, दीक्षित मोहल्ला और नए बस स्टैंड सहित विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। शिष्य मंडल के कार्यकर्ताओं का कहना है कि रथयात्रा को लेकर लोगों में उत्साह है और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक सनातनी परिवारों को इससे जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दिनों में भी शहर और आसपास के क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान जारी रहेगा।



एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव, यात्रियों में मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

खरगापुर रेलवे स्टेशन के पास डॉ. आंबेडकर नगर (इंदौर)-प्रयागराज एक्सप्रेस पर बुधवार को अज्ञात लोगों द्वारा पथराव किए जाने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। ट्रैक किनारे से चलती ट्रेन के एस-1 स्लीपर और जनरल कोच को निशाना बनाकर अचानक पत्थर बरसाए गए। पथराव इतना तेज था कि कई पत्थर कोच के अंदर तक जा पहुंचे और खिड़कियों के शीशे टूट गए। घटना में एक यात्री के सिर में पत्थर लगने की सूचना भी सामने आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रेन खरगापुर स्टेशन के आसपास से गुजर रही थी, तभी ट्रैक के किनारे से अज्ञात लोगों ने ट्रेन पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए हमले से यात्रियों में दहशत फैल गई और लोग बचने के लिए इधर-उधर हटने लगे। कुछ यात्रियों ने तत्काल रेलवे स्टाफ और संबंधित अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। ट्रेन में सफर कर रहे छतरपुर निवासी रविंद्र सिंह ने बताया कि खरगापुर के आसपास अचानक ट्रेन पर पत्थर फेंके जाने लगे। कुछ ही देर में कोच के भीतर पत्थर पहुंचने से यात्रियों में घबराहट का माहौल बन गया। यात्रियों ने घटना की जानकारी रेलवे कर्मचारियों को देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं ट्रेन के सफाई कर्मचारी हर्ष कार रावत ने बताया कि इससे पहले 3 अक्टूबर को भी ईसानगर से खरगापुर के बीच इसी ट्रेन को पथराव का निशाना बनाया गया था। उस समय भी रेलवे पुलिस और वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत की गई थी। महज पांच दिन के भीतर उसी ट्रेन पर दोबारा पथराव की घटना सामने आने से रेलवे ट्रैक और यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लगातार दूसरी बार हुई घटना ने यह चिंता भी बढ़ा दी है कि ट्रैक किनारे असामाजिक तत्वों द्वारा चलती ट्रेनों को निशाना बनाया जा रहा है। यदि पथराव की घटनाओं पर समय रहते प्रभावी रोक नहीं लगाई गई तो किसी बड़ी दुर्घटना या गंभीर जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पांच दिन में दूसरी बार बनी निशाना, कोच के शीशे टूटे, एक यात्री के सिर में पत्थर लगने की सूचना

शिकायतों की समीक्षा के बाद हुई कार्रवाई

पदोन्नति गड़बड़ी आरोपों के बाद 15 से 20 कर्मचारी फिर बने वनरक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



मध्यप्रदेश शासन की पदोन्नति नीति 2025 के तहत वन विभाग में वनरक्षकों की विभागीय पदोन्नति के बाद अब वन वृत्त छतरपुर की पदोन्नति प्रक्रिया सवालों के घेरे में आ गई है। छतरपुर वन वृत्त के अंतर्गत छतरपुर, उत्तर पन्ना, दक्षिण पन्ना, पन्ना टाइगर रिजर्व, निवाड़ी और टीकमगढ़ वनमंडलों के वनरक्षकों की पदोन्नति के लिए गठित छानबीन एवं पदोन्नति समिति ने 13 जुलाई को करीब 208 वनरक्षकों को वनपाल के पद पर पदोन्नति दी थी। हालांकि, पदोन्नति के बाद पात्रता को लेकर सामने आई शिकायतों और अभ्यावेदनों के बाद प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा किए जाने से विभागीय स्तर पर हलचल मच गई है।

जानकारी के अनुसार पदोन्नति प्रक्रिया के दौरान कुछ कार्यवाहक वनरक्षकों को निर्धारित पात्रता पूरी नहीं करने के आधार पर पदोन्नति से वंचित किया गया था। इसके बाद पदोन्नति से वंचित कर्मचारियों ने विभाग के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत कर पदोन्नति प्रक्रिया में अपनाए गए मापदंड और पात्रता की जानकारी मांगी। अभ्यावेदनों के बाद कथित तौर पर यह मामला सामने आया कि कुछ ऐसे कर्मचारियों को भी पदोन्नति के लिए पात्र माना गया, जिनकी पात्रता पर सवाल उठाए गए थे।

विभागीय जानकारों के अनुसार पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर सामने आई शिकायतों और वन संगठनों द्वारा विरोध दर्ज कराए जाने के बाद मुख्यालय भोपाल एवं शासन स्तर पर मामले को गंभीरता से लिया गया। जानकारों का दावा है कि पदोन्नति प्रक्रिया में नियमों के पालन को लेकर वरिष्ठ स्तर से नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कर्मचारी हित में निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अजय यादव के छतरपुर वन वृत्त के दौरे को भी पदोन्नति से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा से जोड़कर देखा जा रहा है। बताया गया कि वे विगत सप्ताह छतरपुर वृत्त के अंतर्गत हुई पदोन्नति प्रक्रिया और उससे संबंधित शिकायतों की समीक्षा के लिए दो से तीन दिन के प्रवास पर रहे। इसके बाद वन वृत्त के विभिन्न वनमंडलों में पदोन्नति प्रक्रिया की दोबारा जांच और कार्रवाई का सिलसिला शुरू हुआ। बताया जा रहा है कि समीक्षा के बाद छतरपुर वन वृत्त के अंतर्गत विभिन्न वनमंडलों में पदोन्नत किए गए करीब 15 से 20 वनपालों को पुनः उनके पूर्व पद वनरक्षक पर रिवर्ट कर दिया गया है। इनमें छतरपुर और टीकमगढ़ वनमंडल से जुड़े कर्मचारी भी शामिल बताए जा रहे हैं। पदोन्नति के बाद दोबारा वनरक्षक पद पर भेजे जाने से संबंधित कर्मचारियों में नाराजगी बताई जा रही है। रिवर्ट किए गए कर्मचारियों की ओर से पदोन्नति प्रक्रिया में अपनाई गई कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए न्यायालय की शरण लेने की बात सामने आई है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के तहत पदोन्नत किया गया था तो बाद में उन्हें किस आधार पर पदावनत किया गया, इसकी स्पष्ट जानकारी और दस्तावेज उपलब्ध कराए जाने चाहिए। उक्त मामले में संबंधित कर्मचारियों की ओर से न्यायालय जाने की बात कही जा रही है। ऐसे में आगे न्यायिक स्तर पर यदि मामला पहुंचता है तो पदोन्नति समिति द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया, पात्रता के मापदंड और रिवर्शन के आधार सहित पूरे मामले के दस्तावेज भी जांच के दायरे में आ सकते हैं। इस संबंध में वन वृत्त छतरपुर के मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) से दूरभाष के माध्यम से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। इसलिए पदोन्नति और रिवर्शन से जुड़े आरोपों पर विभाग का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आ सका है।

राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार दोपहर टीकमगढ़ में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए गांधी चौराहे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन साहू के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांधी चौराहे पर एकत्रित हुए और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने राहुल गांधी की गिरफ्तारी तथा दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा किए गए कथित अभद्र व्यवहार को लेकर नाराजगी जताई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया। जिला अध्यक्ष नवीन साहू ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी मंगलवार को दिल्ली में शांतिपूर्ण धरना दे रहे थे। आरोप है कि दिल्ली पुलिस ने उन्हें जबरन धरना स्थल से हटाकर गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी तथा केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाती रहेगी। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी की गिरफ्तारी को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया। वहीं कोतवाली थाने से इतनी कम दूरी पर प्रदर्शन और पुतला दहन की घटना पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा का विषय बन गई। प्रदर्शन के दौरान यदि पुलिस को इसकी जानकारी नहीं थी तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि शहर के संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर पुलिस की निगरानी व्यवस्था कितनी प्रभावी है। उक्त प्रदर्शन में सूर्यप्रकाश मिश्रा, संजय नायक, गौरव शर्मा, अनीश अहमद, इसरार मोहम्मद, रामकुमार यादव, यादवेन्द्र घोष, रूपेन्द्र सिंह, राजीव जैन, नीतेश बिलगैया, हर्ष भारती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कूड़ा डालने को लेकर विवाद में परिवार पर लाठी-डंडों से हमला

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के वीआईपी खांदी मोहल्ले में कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले चार लोगों ने घर के बाहर बैठे परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए।

पीएम मोदी ने लाइव संबोधन में 25 वर्ष की सार्वजनिक सेवा पर जताया जनता का आभार

सेवा ज्योति यात्रा से गांव-गांव पहुंची सरकार की उपलब्धियों की गाथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के तहत रविवार को कृषि उपज मंडी ढोंगा में सेवा ज्योति यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली से लाइव संबोधन के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही टीकमगढ़ जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों टीकमगढ़, जतारा और खरगापुर के सभी 16 मंडलों से सेवा ज्योति यात्रा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए रवाना किया गया।

भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि सेवा ज्योति यात्रा का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है। यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ता विभिन्न गांवों में पहुंचकर लोगों को सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी देंगे।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाइव संबोधन में कहा कि पहले किसी बड़े संकट के आने पर देश की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो जाती थी, लेकिन अब भारत हर चुनौती के सामने मजबूती से खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली, उसे निभाते हुए आगे बढ़ते रहे और जनता का सहयोग एवं आशीर्वाद लगातार मिलता रहा। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास को सुशासन का आधार बताते हुए विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का संकल्प दोहराया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत आज ऐसे दौर में है, जहां लोगों के सपने स्वतंत्र हैं और देश नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने अपने कर्म को देश के प्रति साधना बताते हुए कहा कि भारत ने दुनिया को अपने मूल्यों से प्रकाश देने का काम किया है। लाइव संबोधन के बाद कृषि मंडी परिसर से तीनों विधानसभा क्षेत्रों की सेवा ज्योति यात्राओं को अतिथियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ के साथ निकली यह यात्रा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मंडलों और गांवों तक पहुंचेगी। इस दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। इस अवसर पर जतारा विधायक हरिशंकर खटीक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रयासों से गरीब और वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया गया है तथा सबका साथ, सबका विकास की भावना को आगे बढ़ाया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का वैश्विक स्तर पर मान-सम्मान बढ़ा है। युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीब वर्ग के कल्याण के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे ले जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी लेकर गांव-गांव तक पहुंचेंगे। कार्यक्रम का संचालन सेवा ज्योति कार्यक्रम संयोजक गोपाल सिंह राय ने किया, जबकि आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामगोपाल चौरसिया ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, वरिष्ठ पत्रकार एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

ज्योति प्रज्जवलन के साथ किया सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन

विकसित भारत के संकल्प में सभी को योगदान देने की जरूरत:रावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने में सभी को अपने-अपने स्तर पर योगदान देने की जरूरत है। तभी हमारा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को अच्छे से साकार करेगा। यह बात बुधवार को वन विकास निगम अध्यक्ष (केबिनेट मंत्री दर्जा) रामनिवास रावत ने शहर के मेला मैदान में आयोजित हुए सेवा ज्योति यात्रा के आयोजन में मुख्य अतिथि की हैसियत से सम्बोधन देते हुए कही। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित किये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला में बुधवार को शहर के श्री हजारेश्वर महादेव मेला मैदान में सेवा ज्योति यात्रा का भव्य एवं गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअली माध्यम से संबोधित किया। साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का लाइव उद्बोधन भी हुआ। इस दौरान स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की हैसियत से शामिल हुए वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत ने सम्बोधन देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लिये गये विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने में सभी अपने-अपने स्तर पर योगदान दें। उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर, श्योपुर जिले को विकास के पथ पर उत्तरोत्तर प्रगति प्रदान करने में अपनी-अपनी भूमिका निभायें। नर सेवा ही नारायण सेवा के विचार को आत्मसात करने की प्रेरणा देते हुए उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उनके चेहरो पर प्रसन्नता का भाव लाना हम सबका दायित्व है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा श्योपुर जिले को चीता प्रोजेक्ट की सौगात देकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान देने का कार्य किया गया वहीं मेडिकल कॉलेज जैसे चिकित्सा सेवा संस्थान देकर इलाज के लिए रेफरल स्टिम खत्म किया। इस अवसर पर कलेक्टर शीला दाहिमा, एसपी मोती उर रहमान, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष एवं कैबीनेट मंत्री दर्जा गुड्डी बाई आदिवासी, उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, रामलखन नापाखेडली, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ गोपाल आचार्य, अशोक गर्ग एवं सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, नगरपरिषद विजयपुर के अध्यक्ष कमलेश कुशवाह, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, नगरपरिषद बडौदा अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू सुमन, सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी भी उपस्थित थे।



निकाली भव्य बाइक रैली पर की पुष्प वर्षा

इस दौरान भाजपा द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई, मेला मैदान से शुरू हुई बाइक रैली पाली रोड अंबेडकर पार्क से पटेल चौक जय स्तंभ गांधी पार्क से बात चौराहा टोड़ी गणेश बाजार होते हुए एक मैरिज गार्डन में पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता बाइको पर सवार थे सबसे आगे वाली बाइकों पर निगम अध्यक्ष रामनिवास रावत, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर सिसोदिया एवं सुरेंद्र जाट सहित बड़े नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ बाइको पर पीछे बैठे हाथों में झंडा अथवा मसाले लिए नारे लगाते चल रहे थे। रैली जहां-जहां से निकली लोगों ने पुष्प वर्षा कर इसका जोरदार स्वागत किया।

सोंईकलां में ग्रामीण शिक्षा समिति की बैठक आयोजित

अच्छी शिक्षा के साथ सामाजिक चेतना का केंद्र भी बने विद्यालयः निखिलेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सरस्वती शिशु मंदिर अच्छी शिक्षा देने के साथ साथ सामाजिक चेतना का केन्द्र भी बने,इस दिशा में सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्य दीदी न केवल गंभीर होकर कार्य करे, बल्कि इस कार्य में ग्रामीण शिक्षा समिति के पदाधिकारी और सदस्य भी सहयोगी बनकर अपना योगदान प्रदान करें। विद्यालय में संसाधनों की वृद्धि हो,,इसके लिए भी मिलकर प्रयास करें। यह बात विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी ने बुधवार को सोंईकलां के सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित ग्रामीण शिक्षा समिति और प्रधानाचार्य बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक में ग्राम भारती शिक्षा समिति मध्यभारत प्रांत के सह प्रांत प्रमुख रामदयाल लहरपुरे, ग्रामीण शिक्षा समिति श्योपुर के जिलाध्यक्ष रामलखन मीणा बछेरी,सचिव अरूण कुमार दांतरे, समिति कोषाध्यक्ष मुन्नालाल गुप्ता, सह सचिव सुधाकर पचौरी तथा सदस्यगण मौजूद थे।



रैली निकालकर दिया नशा त्यागने का संदेश

सरस्वती शिशु मंदिर सोईकलां के भैया बहनो ने व्यसन मुक्ति पखवाडा अंतर्गत एक रैली भी निकाली। रैली के दौरान विद्यालय के भैया बहनो ने ग्रामीणो को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशा त्यागने का संदेश दिया। विभिन्न मार्गो से होते हुए यह रैली वापस विद्यालय में आकर सम्पन्न हुई।

ग्रामीण शिक्षा समिति की जिला बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों का स्वागत विद्यालय के संयोजक सुग्रीव मीणा ने किया। बैठक के दौरान विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था को बेहतर किए जाने, सामाजिक चेतना केन्द्र बनने के लिए विभिन्न सामाजिक गतिविधिया आयोजित करने, व्यसन मुक्ति पखवाडा आयोजित करना, संत शिरोमणि रविदास जयंती मनाना आदि कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक से पहले प्रांत संगठन मंत्री ने विद्यालय का अवलोकन करते हुए भैया बहनों का मार्गदर्शन किया। बैठक के अंत में समिति सदस्य गणेश पाराशर ने आभार प्रदर्शन किया।

एक ट्रांसफर लिस्ट के और निकलने की चर्चा

विजयपुर, बड़ौदा और महिला थाने के नए प्रभारियों ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मंगलवार को एसपी कार्यालय से तीन थाना प्रभारियों की बदली का आदेश जारी होने के बाद विजयपुर, बडौदा और महिला थाने को नए टीआई मिल गए है। तीनो थानों के नए थाना प्रभारियों ने अपने अपने थाने में पहुंचकर विधिवत रूप से अपना पदभार संभाल लिया है। बताया जा रहा है कि विजयपुर में युवक की मौत के बाद मचे हंगामे के बाद एसपी मोतीउर रहमान ने विजयपुर टीआई राजन सिंह गुर्जर को लाइन अटैच करने के बाद वहां लेडी इंस्पेक्टर यास्मीन खान को नया थाना प्रभारी बनाकर विजयपुर भेज दिया। वहीं खाली चल रहे बडौदा थाने में इंस्पेक्टर अरविंद सिंह तोमर तथा महिला थाने में सुरजीत सिंह तोमर की बतौर थाना प्रभारी पोस्टिंग भी कर दी गई है। इस पोस्टिंग आदेश के बाद तीनो नए थाना प्रभारियों ने अपने अपने थाने में पहुंचकर थाना प्रभारी का पदभार संभाल लिया है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे है कि तीन थाना प्रभारियों की तबादला लिस्ट आनन फानन में निकाली गई है। लेकिन थाना प्रभारियों की एक और ट्रांसफर लिस्ट आगामी दिनो में निकल सकती है। हालांकि यह दूसरी ट्रांसफर लिस्ट कब निकलेगी, इसका फिलहाल पता नहीं है, मगर इस दूसरी ट्रांसफर लिस्ट के निकलने का इंतजार थाना प्रभारी स्तर के पुलिस अधिकारियों को बना हुआ है।

अम्बेडकर पार्क को नशेड़ियों ने बनाया अड्डा, एएसपी ने जताया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पाली रोड स्थित अंबेडकर पार्क को नशेड़ियों ने सामाजिक गतिविधियों का अड्डा बना लेने से लोगों में नारजगी व्याप्त है। आजाद समाजवादी पार्टी (एएसपी) ने एसपी मोतिउर रहमान से असामाजिक तत्वों को पकड़ कर उक्त पवित्र स्थल पर होने वाली असामाजिक गतिविधियों को बंद कराने की मांग की है।

आजाद समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष विक्रम बैरवा द्वारा जारी प्रेस नोट में नाराजगी जताते हुए कहा कि महापुरुषों के नाम से जुड़े सार्वजनिक स्थलों की गरिमा और स्वच्छता बनाए रखना प्रशासन एवं नगर पालिका की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पार्क परिसर में गंदगी और असामाजिक गतिविधियां किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। मेला ग्राउंड के पास स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पार्क परिसर में शराब की बोतलें, प्लास्टिक, पन्नियां एवं अन्य कचरा बिखरा होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में आजाद समाज पार्टी कांशीराम के जिला महासचिव धनराज परमार द्वारा वीडियो के माध्यम से मामले की जानकारी मिली है। नगर पालिका और पुलिस प्रशासन उक्त स्थल की पवित्रता बनाए रखने में सहयोग करें अन्यथा युवा धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनाए रखने के लिए सड़कों पर उतरने से नहीं चूकेंगे।

ढोढर में जनसंवाद कार्यक्रम 9 को

श्योपुर। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत 9 अक्टूबर को ग्राम ढोढर में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कलेक्टर शीला दाहिमा की अध्यक्षता में उक्त कार्यक्रम का आयोजन पंचायत भवन ढोढर परिसर में दोपहर 01 बजे से होगा। इसके पूर्व अधिकारियों द्वारा कलस्टर क्षेत्र के ग्रामों में शासकीय संस्थाओं एवं परिसंपत्तियों का निरीक्षण किया जायेगा। जनसंवाद कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ढोढर सहित बगदरी, बगदिया, बहरावदा, धीरोली, हासिलपुर, जैनी, काशीपुर, खिरखिरी, लाडपुरा, मानपुर, सेमल्दा, जवासा, जावदेश्वर, चकबमूलिया एवं सेवापुर शामिल रहेंगे। इस अभियान के दौरान क्षेत्र भ्रमण, निरीक्षण एवं जनसंवाद के माध्यम से आम लोगों की शिकायतों का निराकरण किया जायेगा तथा शासकीय योजनाओं की निगरानी के साथ ही कल्याणकारी योजनाओं में शेष पात्र लोगों को लाभ देने की कार्यवाही की जायेगी।
मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत लगने जा रहे शिविर-जनसंवाद कार्यक्रम में भ्रमण क्षेत्र की लंबित सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण किया जायेगा तथा लोक सेवा गारंटी के अधिनियम के अंतर्गत दर्ज भ्रमण क्षेत्र के लंबित प्रकरण भी निराकृत होंगे।

शिवमंदिर पर आज से होगी श्रीकृष्ण कथा,तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के बायपास रोड स्थित शिवनगर कॉलोनी के शिव मंदिर पर 8 अक्टूबर गुरूवार से श्री कृष्ण कथा का आयोजन होने जा रहा है। इस्कॉन श्योपुर द्वारा आयोजित इस कथा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बताया गया है कि शिवमंदिर पर आयोजित होने वाली इस श्रीकृष्ण कथा का वाचन तुकाराम प्रभुजी करेगे। आयोजको ने इस कथा को श्रवण करने का आग्रह किया है।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित

श्योपुर। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में मतदाता सूची में नाम जोडने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में आज उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीएस श्रीवास्तव की अध्यक्षता में राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान भाजपा से दिनेश दुबोलिया, कांग्रेस से सुमेर सिंह एवं सदाशिव मीणा, बसपा से विकास बौद्ध, आम आदमी पार्टी से अनिल मीणा, इलेक्शन सुपरवाइजर प्रीति आर्य, मोहम्मद अखलाक आदि उपस्थित रहे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीएस श्रीवास्तव द्वारा बैठक के दौरान जानकारी दी गई कि आयोग के निर्देशानुसार जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के नाम जोडने के लिए 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रत्येक मतदान केन्द्र पर प्रातः 11 बजे से शाम 05 बजे तक लगाये जा रहे है। शिविर में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची से छूटे हुए एवं प्रथम बार/युवा मतदाताओं के नाम जोडने के लिए फार्म-6 भरने की प्रक्रिया की जा रही है, अभी तक 2584 मतदाताओं के फार्म-6 नाम जोडने हेतु प्राप्त किये गये है। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दल अपने-अपने बूथ लेबल एजेंट के माध्यम से मतदाताओं को नाम जुडवाने के लिए प्रेरित करें तथा बीएलओ का सहयोग करें।

उत्कृष्ट कार्य के लिए श्योपुर के जिला आयुष अधिकारी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा को आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किए जाने के लिए सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान पिछले दिनों उज्जैन के शासकीय धंवतरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार कार्यक्रम के दौरान मप्र के आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार के हाथो मिली है।

डॉ वर्मा को यह सम्मान मिलने पर श्योपुर जिले के आयुष विभाग में पदस्थ स्टाफ सहित उनके इष्ट मित्रों और शुभचिंतको ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। सम्मानित होकर उज्जैन से वापस श्योपुर लौटे जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि उज्जैन में आयोजित संगोष्ठी जीवनशैली संबंधी विकारों के प्रबंधन में आयुर्वेद के समग्र दृष्टिकोण विषय को लेकर आयोजित हुई। जिसमें पांच सैकडा से अधिक लोगो ने भाग लिया और 200 शोध पत्रा पर चर्चा हुई। इस कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी गया।



चीतों की शिफ्टिंग से प्रभावित होगा जिले का पर्यटन व्यवसाय?

कूनो के दो चीतो को मिला नया घर, सीएम ने छोड़ा वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चीता पुनर्स्थापना का केंद्र बन चुका श्योपुर का कूनो नेशनल पार्क अब चीतो को देश के दूसरे पार्को में बसाने का एक नया सोर्स बन गया है। क्योंकि बुधवार को कूनो नेशनल पार्क के दो चीतो को नर चीता थोलो और मादा चीता सीसीबी 3 को विशेष सुरक्षा के साथ ट्रेंकुलाइज करके हेलीकॉप्टर के जरिए सागर जिले में स्थित वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में ले जाया गया,जहां सीएम डॉ मोहन यादव के द्वारा उन्हें छोडा गया है। जिसके चलते अब सागर जिले में मौजूद दुर्गावती टाइगर रिजर्व भारत में चीतो का तीसरा नया घर बन गया है। क्योंकि इसके पहले कूनो से चीतो को गांधीसागर सेंचुरी में भेजा चुका है।

भले ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इन चीतों को कूनो से निकालकर दूसरे वन्य जीव अभ्यारण में छोड़े जाने को अपनी और सरकार की उपलब्धि बता रहे हो लेकिन पर्यटन व्यवसाय की दृष्टि से यह कूनो के लिए कतई लाभदायक नहीं है। क्योंकि इससे कूनो में चीता आधारित पर्यटन व्यवसाय बुरी तरह पिछडने की संभावना है। खासकर नोरादेही जैसे वन्य जीव अभ्यारण में जहां टाइगर पहले से मौजूद है जो पर्यटक टाइगर देखने आएंगे वह चीतों को भी वहीं पर निहार लेंगे तो फिर कूनो में सिर्फ चीतों को देखने पर्यटक क्यों पहुंचेंगे। इधर कूनो संघर्ष समिति के द्वारा भी चीतो की शिफ्टिंग को लेकर सरकार पर कई तरह के आरोप लगाए है।


फाइल फोटो

अगले चरण में दो चीते और भेजे जाएंगे

कूनो नेशनल पार्क से चार चीतो को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में भेजे जाने की स्टीयरिंग कमेटी के द्वारा मंजूरी दी गई है। मंजूरी के इसी क्रम में दो चीतो को बुधवार को कूनो नेशनल पार्क से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि अब दूसरे चरण में दो चीतो को फिर से वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में भेजा जाएगा। बताया गया है कि बुधवार को सीएम डॉ मोहन यादव ने कूनो के चीतो को वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व मे बने जिस सॉफ्ट बोमा में रिलीज किया गया है,वह बोमा 439 हेक्टेयर में बना हुआ है। जिसमें 5 हिस्से, पावर फेंसिंग और 24 घंटे सैटेलाइट ट्रैकिंग की व्यवस्था है।

भाजपा के खेल में पिस रहा एशियाई शेरों की बसावट का सपना

एशियाई शेर कूनो में नहीं देने के गुजरात और केंद्र सरकार के अड़ियल रुख के बाद मप्र की मोहन सरकार कूनो नेशनल पार्क से गांधीसागर,नौरादेही के रास्ते गुजरात के बन्नी के ग्रासलैंड में चीता पहुँचाने का रास्ता बना रही है, जो प्रदेश के साथ सौतेला व्यवहार है। यह आरोप कूनो संघर्ष समिति संयोजक एवं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान ने लगाते हुए कहा कि जहां पूर्व सीएम और पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर कूनो के सफल पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एशियाई शेर की बसावट नहीं करा पाए वहीं सीएम डॉ मोहन यादव एक कदम आगे बढ़ते हुए पीएम को खुश करने के लिए कूनो राष्ट्रीय उद्यान से प्रदेश के गांधीसागर, नौरादेही के बाद अब गुजरात के कच्छ के बन्नी के मैदानों में चीता पहुँचाने का रास्ता तैयार कर रहे है। चौहान ने कहा कि कूनो की पहचान को अलग अलग जरिए से कमजोर कर श्योपुर के आर्थिक ओर रोजगार बढ़ने सहित पर्यटकों को आने के पहले ही अन्य जगहों पर चीता पहुंचाकर दोहरा रवैईया प्रदेश सरकार दिखा रही है। उन्होंने कहा कि श्योपुर के कूनो के जंगलों से पीढ़ियों पुराने जमीनों,मकानों को सहरिया जनजाति ओर किसानों ने अपने दिल पर पत्थर रख कर त्याग कर श्योपुर पर्यटन विकास का एशियाई शेरों की बसावट का सपना देखा वो भाजपा के खेल में पिसता जा रहा है। चौहान ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से प्रधानमंत्री से गुजरात से एशियाई शेरों को देने की मांग रखनी चाहिए

कूनो में 54 चीते, तीन दर्जन से अधिक खुले में

बता दें कि कूनो नेशनल पार्क में वर्तमान में कुल 54 चीते हैं, जिनमें से 18 से 20 चीते पूरी तरह खुले जंगल में घूम रहे हैं और शेष बाड़े या बोमा में हैं। बाकी बचे हुए करीब 33 से 35 चीते (शावकों सहित) बड़े बाड़ों या क्वारंटीन/सॉफ्ट-रिलीज एनक्लोजर में रखे गए थे इनमें से ही दो चीते नोरादेही टाइगर रिजर्व में लेजाकर छोड़े गए हैं। जो चीते बुधवार को मुख्यमंत्री ने छोड़े हैं वह जीते अफ्रीकी देश बोत्सवाना लाए गए थे।

विजयादशमी उत्सव एवं दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर बैठक आयोजित

हर्षोल्लास के साथ सौहार्द्र पूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहारः शीला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर समेत जिलेभर में हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी त्यौहार मनाये जायें। सोशल मीडिया पर अनावश्यक आपत्तिजनक पोस्ट न की जायें तथा भाईचारे के साथ त्यौहार मनाये जाये। यह बात कलेक्टर शीला दाहिमा ने नवदुर्गा पर्व आयोजन एवं दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन तथा विजयादशमी पर्व को लेकर बुधवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित शांति समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक के दौरान कलेक्टर ने त्यौहारो के अवसर पर होने वाले आयोजनों की व्यवस्थाओ के संबंध में संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में एसपी मोती उर रहमान, एडीएम रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन मीणा, नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, विश्व हिन्दु परिषद के अध्यक्ष दीपक गर्ग, जिला संयोजक बजरंग दल कुलदीप सिंह सिसौदिया, जिला महामंत्री विश्व हिन्दु परिषद विष्णु कुमार गर्ग, मिथलेश तोमर, मोहम्मद चीनी कुरैशी, रामअवतार शर्मा,हनीफ बालापुरा, अब्दुल लतीफ, राजकुमार शर्मा, त्रिलोक तोसनीवाल, योगेश कुमार शर्मा, गिर्राज चौधरी, दशहरा समिति के महासचिव नकुल जैन,शिवम मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एसपी ने कहा कि दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन एवं विजयदशमी जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किये जायेंगे। इसके अलावा रावण दहन स्थल मेला मैदान पर भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जायेंगी। उन्होने कहा कि मेला मैदान पर रावण दहन के दौरान महिला जोन में पर्याप्त महिला पुलिस बल तैनात किया जायेगा। बैठक में जानकारी दी गई कि विजयदशमी का जुलूस 20 अक्टूबर को शाम 4 बजे से श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर टोडी गणेश जी से शुरू होगा, जो शाम 06 बजे तक श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पहुंचेगा, इसके पश्चात जुलूस मेला मैदान जायेगा, जहां लगभग 8 बजे रावण दहन होगा। इसी प्रकार 20 अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया जायेगा। बैठक में गरबा उत्सवों का आयोजन गरिमामयी रूप से भक्तिभावना के परिपेक्ष्य में किये जाने पर भी चर्चा की गई



खबर संक्षेप

अज्ञात चोर बाइक चोरी कर ले गए

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत थूवोन निवासी राघवेन्द्र चैहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शासकीय स्कूल सूरेल के पास से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। जिसका नंबर एमपी 67 जेड सी 0833 है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बाइक की टक्कर से युवक घायल

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम खानपुर पिपरई निवासी अरेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 एमसी 6644 के चालक ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिससे उसे चोटे आईं हैं पुलिस ने बाईक चालक पर मामला दर्ज किया है।

निर्वाचन आयोग ने दिए आवश्यक निर्देश

अशोकनगर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल द्वारा वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वीडियों कान्फ्रेंस में जिला स्तर पर अपर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.एन.सिंह ने भाग लिया। निर्वाचन आयोग द्वारा छूटे हुए मतदाता तथा प्रथम वार युवा मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। निर्देशों में कहा गया कि जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर 07,08 एवं 08 अक्टूबर को मतदाताओं के नाम जोडने हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए। छूटे हुए मतदाता तथा नवीन मतदाताओं के फॉर्म 6 भरवाये जाएं। फॉर्म 6 के साथ घोषणा पत्र भरे जाने से छूट रहेगी। निर्वाचन आयोग द्वारा बताया गया कि मतदाता अपने नामों की पुष्टि ईसीआई पोर्टल पर तथा भारत निर्वाचन आयोग की बेवसाईट पर कर सकते है। छूटे हुए मतदाता तथा नवीन मतदाता ऑनलाईन फॉर्म 06 भर सकते है। कॉलेजों में बीएलओ जाकर नये मतदाताओं के ऑनलाईन फॉर्म 6 भरवा सकते है। विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिए गए।

दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

अशोकनगर। थाना पिपरई पुलिस द्वारा दुष्कर्म के प्रकरण में फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि 17 अगस्त को फरियादिया की रिपोर्ट पर आरोपी सोनू अहिरवार के विरुद्ध जबरदस्ती दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में थाना पिपरई में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा ने थाना प्रभारी पिपरई को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गयाा घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु थाना पिपरई पुलिस द्वारा लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई तथा मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की तलाश तेज की गई। पुलिस द्वारा आरोपी की चल-अचल संपत्ति संबंधी जानकारी भी एकत्रित की गई। फरियादिया का चिकित्सकीय परीक्षण कराने के साथ न्यायालयीन कथन भी कराए गए। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी पिपरई के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सतत प्रयास एवं सक्रियता के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया।

आंतरिक शांति व ध्यान पर पांचवां सत्र आयोजित

अशोकनगर। पी.एम. कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में हार्टफुलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत आंतरिक शांति एवं ध्यान विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को ध्यान, आत्मचिंतन, मानसिक शांति एवं सकारात्मक जीवनशैली के महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम में हार्टफुलनेस जिला समन्वयक महेंद्र रघुवंशी एवं कॉलेज समिति सदस्य गायत्री नामदेव तथा अरविंद कौशिक द्वारा विद्यार्थियों को ध्यान की प्रक्रिया एवं उसके मानसिक तथा व्यक्तित्व विकास संबंधी लाभों के बारे में जानकारी दी गई।

हत्या की शर्मनाक घटना का एसपी ने खुलासा किया, मां ने बेटे की चाह में बेटी को मारा

कलयुगी मां ने जिस बेटी को 9 माह अपनी गर्भ में रखा उसके जन्म लेते ही घोंटा गला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





इतिहास के पन्नों में मां की ममता के उदाहरण दिए जाते हैं, मां को दुनिया में भगवान के बाद सबसे अधिक पूजा जाता है। क्या एक मां इतनी निर्दयी हो सकती है जो अपने ही संतान को 9 माह तक गर्भ में रखने के बाद जन्म देने पर सिर्फ बेटी होने के कारण उसका गला घोंट सकती है। यह घटना अत्यंत शर्मशार करने वाली घटना है इस घटना ने मां की उस पदवी को कलंकित किया है जिसे इतिहास में सर्वोच्च दर्जा दिया जाता है। यह पूरी कहानी उस शर्मनाक घटनाक्रम से जुड़ी है जिसमें चंदेरी क्षेत्र के ग्राम सकर्रा की रहने वाली भावना पत्नि केदार विश्वकर्मा ने अशोकनगर जिला अस्पताल के प्रसूती वार्ड में एक नवजात बालिका को जन्म दिया था।

बालिका पूरी तरह स्वस्थ्य थी, लेकिन मां को बेटी की चाह नहीं थी

बालिका पूरी तरह स्वस्थ्य जन्मी थी लेकिन उसका दोष यह था कि वह उस मां के घर जन्मी थी जिनके यहां बेटियां तो पहले से थीं लेकिन आगे बेटी न हो इसलिए पूरा परिवार आने वाले बेटी को अभिशाप मानकर चल रहा था जिससे भावना विश्वकर्मा भी डरी हुई थी, वह पहले ही एक बेटी की मां थी और पूरा परिवार यह सपना सजोंकर आया था कि उनके यहां जो संतान होने वाली है। वह बेटा होगा, बस यहीं से मां की नफरत उसके ही द्वारा जन्म देने वाली बेटी के प्रति बदलती चली गई और मां ने कंबल में सो रही बेटी का अपने ही हाथों से गला दवा दिया। इस घटना में यह कृत्य करने के बाद जब उसने देखा कि बेटी के मुंह से खून आ गया है तब उसने अपनी सांस को बताया और डॉक्टर के पास ले जाया गया, तब डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस कलयुगी मां के हाथ अपनी ही बेटी का गला दबाने के दौरान कांपे नहीं होगें, उस बेटी ने इस संसार में आने के बाद कुछ घण्टों की ही सांस ली और अपनी मां के स्तन से दुग्धपान करने के बाद हमेशा के लिए उसकी सांसे थम गईं। यह पूरा घटनाक्रम झगझोर देने वाला है।

जिले में पहली बार ऐसी घटना सामने आई

अशोकनगर जिले में इस तरह की पहली घटना सामने आई है कि जब मां ने अपनी ही संतान का गला दबाया है। इस तरह के मामले तो कईं सामने आए हैं जिनमें लोक लाज से बचकर अनेक महिलाओं ने अपनी ही संतानों को मारने की जगह ऐसे स्थान पर छोड़ दिया जो खुली हवा में सांस ले सकें। ऐसे आज कितने ही परिवार हैं जो संतान को लेकर डॉक्टरों के चक्कर काट रहे हैं और एक मां ऐसी है जो संतान होने के बाद भी उससे जीने का अधिकार छीन चुकी है।

एसपी ने शर्मनाक हादसे का खुलासा किया

इस शर्मनाक हादसे का खुलासा करते हुए एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि अशोकनगर जिले में इस तरह की घटना पहले कभी सुनने में नहीं आई। इस घटना को लेकर बताया गया कि 3 अक्टूबर को जिला अस्पताल में एक नवजात बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु की सूचना प्राप्त हुइ थी। चिकित्सकीय परीक्षण में बालिका की मृत्यु सामान्य न होकर गला दबाने से होना पाए जाने पर थाना कोतवाली में मर्ग का प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जब जांच की गई और पुलिस टीम द्वारा जिला अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, तब प्रसूता वार्ड के भीतर सीसीटीवी कैमरे उपलब्ध न होने से घटना की कड़ी जोड़ना चुनौतीपूर्ण था। पुलिस ने मृतिका के परिजनों से पृथक- पृथक पूछताछ की तथा उपलब्ध तथ्यों एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों का बारीकी से विश्लेषण किया।

मां ने हत्या की घटना स्वीकार की

जांच के दौरान पुलिस का संदेह मृतिका की मां पर गया। अस्पताल में चिकित्सकीय अनुमति एवं आवश्यक संवेदनशीलता के साथ 5 घण्टे तक महिला पुलिस द्वारा लगातार पूछताछ किए जाने पर मां ने नवजात बालिका की गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। पूछताछ में उसने बताया कि पूर्व में भी एक पुत्री थी तथा परिवार में पुत्र होने की अपेक्षा संबंधी बातें सुनकर वह इस बार पुत्र होने की उम्मीद कर रही थी। दिनांक 02.10.2026 की रात्रि लगभग 11.30 बजे पुत्री के जन्म के बाद दोबारा बेटी होने से वह मानसिक रूप से विचलित हो गई और आवेश में आकर अपनी नवजात पुत्री का गला दबा दिया। उसे परिवार की ओर से बेटी को जन्म देने के कारण ताने मिलने का डर था इसीलिए उसने परिवार के दबाव से बचने के लिए अपनी ही बेटी का गला दवा दिया।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झागर बमुरिया निवासी आदित्य यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अनिल रघुवंशी और उसके 3 साथियों ने किश्त के विवाद को लेकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी बबलू पाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी किशनलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नानौन निवासी राजकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बॉबीराजा,रणवीर सिंह और अरूण बुन्देला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरसी निवासी सुनील रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रंजीत, नीरज और रानू रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम फजलपुर निवासी शिशुपाल बागड़ी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नन्हेराजा, नीलेश, शिवराज और कन्छेदी बागड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भ्याना निवासी बद्रीप्रसाद तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कैलाश बंजारा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरई निवासी मयूर राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमन, अजय, विष्णु राठौर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अजय राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि विनोद, मंयक, मयूर, अर्जन राठौर ने उससे मारपीट की।



मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का 48वां स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारतीय मजदूर संघ का सहयोगी एवं राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी संघ से संबंध मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ का 48वां स्थापना दिवस अशोकनगर के सरस्वती शिशु मंदिर गौशाला रोड पर समारोह पूर्वक आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता संतोष शर्मा अध्यक्ष मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, मुख्य अतिथि रामवीर सिंह रघुवंशी प्रदेश मंत्री वरिष्ठ नागरिक परिषद मध्यप्रदेश, विशिष्ट अतिथि हरि सिंह रघुवंशी हैरी अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ, विष्णु साहू सचिव मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ, महेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष सेवा भारती शिशुपाल सिंह यादव मंत्री भारतीय मजदूर संघ ने की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शुरुआत में संतोष शर्मा ने बताया कि संघ की स्थापना 6 अक्टूबर 1978 में जन-जन के नायक युगपुरुष दंतोपंत ठेंगड़ी ने की आज हम 48 वां स्थापना दिवस मना रहे हैं। संगठन की विचारधारा से सदन में उपस्थित सभी को अवगत कराया। मजदूर संघ के मंत्री शिशुपाल यादव ने संगठन की कार्यशैली से अवगत कराते हुए बताया कि आज शिक्षकों की समस्या टेट परीक्षा, वरिष्ठता इत्यादि को दूर कराना है। संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बोल दिया।

हरि सिंह रघुवंशी हैरी अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ ने बताया कि हमारा संगठन देश का प्रथम संगठन है। शिक्षकों की समस्या से वरिष्ठ नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। 26 अक्टूबर को देश व्यापी आंदोलन भोपाल में होने जा रहा है जिसमें सभी से बड़ी संख्या में जाने हेतु आग्रह किया। महेंद्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष सेवा भारती ने बताया कि संगठन को गति दी जावे एवं प्रतिमाह बैठक हो, कार्यकारिणी की शीघ्र घोषणा हो। हमारा संगठन राष्ट्र को सर्वोपरि रखकर कार्य करने वाला देश का एकमात्र संगठन है।

सिविल अस्पताल में जन नेत्र उपचार शिविर व कृमि मुक्ति दिवस का किया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

स्थानीय सिविल अस्पताल में 'सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम' के अंतर्गत जन नेत्र उपचार शिविर और कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र उपाध्याय, विधायक प्रतिनिधि वीरेन्द्र भदौरिया और सचिन समैया ने किया। नेत्र उपचार शिविर शिविर में कुल 114 व्यक्तियों के नेत्रों की जांच की गई। दृष्टि संबंधी समस्याओं से पीड़ित 14 बच्चों और 4 बुजुर्गों का परीक्षण कर चश्मे के लिए चयन किया गया, जबकि 16 मरीजों का मोतियाबिंद परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।

कृमि मुक्ति अभियान बीएमओ डॉ. संजीव अग्रवाल ने बताया कि बीना विकासखंड में कृमि मुक्ति अभियान की शुरुआत कर दी गई है। इसके तहत लगभग 80 हजार बच्चों (1 से 18 वर्ष) और 30 हजार महिलाओं (19 से 49 वर्ष) को कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी। जो हितग्राही छूट गए हैं, उन्हें 9 अक्टूबर को दवा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर प्रियंका राय, नवीन साहू, नवीन सिंह ठाकुर, प्रदीप तिवारी और नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित अस्पताल का स्टाफ उपस्थित रहा। अतिथियों ने आमजन से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है।



बॉक्सिंग स्पर्धा में ज्ञानोदय स्कूल के मुक्केबाजों का शानदार प्रदर्शन

बीना। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की 70वीं राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सागर संभाग की ओर से खेलते हुए ज्ञानोदय स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया और कुल 3 पदक अपने नाम किए। बॉक्सिंग कोच पदम सिंह ने बताया प्रतियोगिता में राज्यभर के 590 बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें +91 भार वर्ग में चैत्य जैन ने इंदौर के खिलाड़ी को हराकर स्वर्ण पदक जीता और 70वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया। इसी तरह वरुण मिश्रा ने कड़े मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। सिद्धार्थ रजक, विकास सिंह, अमित अहिरवार, हाशिम हाश्मी और बालिका वर्ग में जैसीका सोदीया ने सेमीफाइनल तक पहुंचकर कांस्य पदक जीते। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर स्कूल के चेयरमैन धर्मेंद्र सेठ, प्राचार्य गिरीश बेलकर, ट्रस्ट मैनेजर अरुण जैन, कोच पदम सिंह रावत, खेल प्रशिक्षक अमित यादव, संदीप अग्रवाल, फ्रिरोज खान और स्कूल के समस्त स्टाफ ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

इंदौर फोटो फेयर 2026 में बीना के फोटोग्राफर्स सम्मानित

बीना। इंदौर में आयोजित 'फोटो फेयर 2026' में बीना के स्थानीय फोटोग्राफरों का सम्मान किया गया। भारत स्टूडियो, इंदौर फोटोग्राफी एकेडमी और डी कोर्स वर्ल्ड इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर की कई बड़ी कैमरा कंपनियों और विभिन्न राज्यों के एसोसिएशन ने हिस्सा लिया। इस प्रतिष्ठित आयोजन में बीना के फोटोग्राफरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान फोटोग्राफी और आधुनिक कैमरा तकनीक से जुड़ी कार्यशालाएं भी आयोजित की गईं।



जनसुनवाई में कलेक्टर ने 149 आवेदकों की सुनीं समस्याएं

अशोकनगर। जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना एवं समस्याओं के हर संभव निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 149 आवेदकों ने आवेदन दिए। जनसुनवाई में अशोकनगर वार्ड क्रमांक 22 निवासी घनश्याम कुशवाह द्वारा बी.पी.एल कार्ड चालू कराये जाने,पिपरई निवासी बब्ली अहिरवार द्वारा बी.पी.एल कार्ड बनवाये जाने, अशोकनगर निवासी कृष्णाबाई जोगी द्वारा आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कराये जाने,ग्राम सुरेल निवासी कप्तान आदिवासी द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराये जाने, ग्राम राजपुर निवासी हरिचरण बाल्मीक द्वारा भूमि पर से कब्जा हटवाये जाने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

9 आरोपी पकड़े गए, विद्युत तार और वारदात में प्रयुक्त वाहन सहित करीब 21.50 लाख की सामग्री बरामद

बिजली के खम्बों से तार चोरी करने वाले आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जिले में आए दिन बिजली के खम्बों से तार चोरी होने के लगातार मामले सामने आ रहे थे अब तक सेकड़ो मीटर बिजली के खम्बों का तार चोरी हो चुका है, यह आरोपी बिजली के खम्बों से उस समय तार चोरी कर लेते हैं जब विद्युत प्रवाह नहीं रहता या विद्युत प्रवाह को रोककर यह घटना की जाती है। पुलिस ने इस घटना में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनमें 6 आरोपी उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले के जखौरा थाने के रहने वाले हैं जबकि 3 आरोपी अशोकनगर के कबाड़ी है जो बिजली का तार खरीदने का काम करते थे।

विद्युत तार के साथ वाहन भी जप्त किए गए

एसपी राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना सेहराई द्वारा विद्युत तार चोरी के प्रकरण में 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए विद्युत तार, चोरी करने के उपकरण सहित एक बोलेरो कार, एक बोलेरो पिकअप एवं एक एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल, कुल लगभग 21,50,000 बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई है।

तार चोरी के आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया

उल्लेखनीय है कि फरियादी महेश्वर धुर्वे द्वारा विद्युत तार चोरी किए जाने की रिपोर्ट पर थाना सेहराई में अप.क्र. 246/2026, धारा 303(2) बीएनएस एवं धारा 136 भारतीय विद्युत अधिनियम (संशोधन) 2003 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर संदिग्धों की तलाश की गई। मुखबिर की सूचना पर खिरिया पठारी रोड से संदिग्ध आरोपियों को पकड़ा गया। पूछताछ एवं मेमो के आधार पर आरोपियों द्वारा विद्युत खंभों से विद्युत तार काटकर बोलेरो पिकअप में लोड कर ले जाना स्वीकार किया गया। आरोपियों की निशानदेही एवं कब्जे से चोरी के विद्युत तार, वारदात में प्रयुक्त उपकरण तथा वाहन विधिवत जप्त किए गए। जब यह आरोपी वाहन में तार रख रहे थे उसी समय पुलिस ने इन्हे घेर लिया।



पुलिस ने इन आरोपियों को गिरफ्तार किया

इन आरोपियो में ओमकार पुत्र विक्रम लोधी, उम्र 27 वर्ष, निवासी बिनेकामाफी, थाना जखौरा, जिला ललितपुर उ.प्र.,पुष्पेन्द्र पुत्र महेन्द्र सिंह लोधी, उम्र 22 वर्ष, निवासी घुरवारा, थाना जखौरा, जिला ललितपुर उ.प्र.,तेज सिंह उर्फ दीपेश पुत्र परसराम लोधी, उम्र 20 वर्ष, निवासी किशलवास, थाना जखौरा, जिला ललितपुर उ.प्र.,उजागर उर्फ झक्कू पुत्र श्रीराम लोधी, उम्र 31 वर्ष, निवासी किशलवास, थाना जखौरा, जिला ललितपुर उ.प्र.,कुश पुत्र राजेन्द्र सिंह लोधी, उम्र 22 वर्ष, निवासी किशलवास, थाना जखौरा, जिला ललितपुर उ.प्र.,नीतेश पुत्र ब्रजेश जोशी, उम्र 21 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 07, शंकर कॉलोनी, अशोकनगर।,अरूण पुत्र दिनेश जैन, उम्र 30 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 06, गोकुलधाम कॉलोनी, अशोकनगर ,राजेन्द्र पुत्र कन्छेदीलाल साहू, उम्र 38 वर्ष, निवासी त्रिलोकपुरी कॉलोनी, अशोकनगर ,ऋषभ पुत्र सुमित जैन, निवासी टीव्हीएस शोरूम के पास, अशोकनगर शामिल हैं।

चोरी किए गए विद्युत तार,विद्युत तार चोरी करने के उपकरण,01 बोलेरो कार,01 बोलेरो पिकअप,01 एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल कुल अनुमानित कीमत 21.50 लाख। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों द्वारा थाना चंदेरी के कुंवरपुर एवं विक्रमपुर क्षेत्र, थाना पिपरई, थाना बहादुरपुर, थाना कचनार एवं थाना नईसराय क्षेत्र में भी विद्युत तार चोरी की घटनाओं में शामिल होना बताया गया है। उक्त घटनाओं के संबंध में पुलिस द्वारा विस्तृत पूछताछ एवं अनुसंधान किया जा रहा है। प्रकरण में शिवराम सेन निवासी सिरसी, थाना जखौरा की भूमिका भी सामने आई है, जो वर्तमान में फरार है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।